पंजाब केसरी 28/02/2026

डिजिटल युग में नवाचार व समस्या-समाधान की क्षमता ही सफलता की कुंजी : डॉ. प्रबलीन यादव

■ **गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में टेकस्पार्क-26 का भव्य आयोजन**

अम्बाला, 27 फरवरी (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला कैंट द्वारा अंतर-महाविद्यालयीन आई.टी. फैस्ट टेकस्पार्क-26 का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कम्प्यूटर एप्लीकेशन एवं मैनेजमैंट विभाग द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में तकनीकी ज्ञान, प्रबंधकीय दक्षता, नवाचार क्षमता एवं रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना रहा।

ब्रोशर के अनुसार आयोजित 11 प्रमुख प्रतियोगिताओं ई-पोस्टर प्रस्तुति, इनोवेटिव वैब डिजाइन, ब्लाइंड कोडिंग, आई.टी. क्विज, एड मैड शो, बिजाथॉन, बैस्ट मैनेजर, ट्रेजर हंट, रील मेकिंग, जस्ट-ए-मिनट एवं टैलेंट विद टेक में विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में उद्योग जगत के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ उपस्थिति रहे। मुख्यातिथियों ने विद्यार्थियों को उद्योग की वर्तमान आवश्यकताओं, स्टार्टअप संस्कृति और नवाचार के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें व्यावहारिक ज्ञान से समृद्ध किया।

कार्यक्रम के दौरान अतिथिगणों को पौधा भेंट करके सम्मानित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रोहित दत्त। (चंद्रमोहन)

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं आयोजकों का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे मंच विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं को पहचानने और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार होने का अवसर प्रदान करते हैं।

कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग की डीन डॉ. प्रबलीन यादव ने अपने वक्तव्य में कहा कि टेकस्पार्क-26 विद्यार्थियों के लिए तकनीकी दक्षता और रचनात्मक सोच को एक साथ प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट अवसर है। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में नवाचार और समस्या-समाधान की क्षमता ही सफलता की कुंजी है।

विभागाध्यक्ष, एच.ओ.डी. श्याम रहेजा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीमवर्क की भावना विकसित होती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों को और व्यापक स्तर पर आयोजित करने की बात कही।

मैनेजमैंट विभाग की विभागाध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ प्रबंधकीय कौशल का समन्वय विद्यार्थियों को उद्योग के लिए पूर्णतया तैयार करता है। उन्होंने बिजाथॉन, बैस्ट मैनेजर एवं एड मैड शो जैसी प्रतियोगिताओं को विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

कार्यक्रम का सफल संचालन कम्प्यूटर एप्लीकेशन एवं मैनेजमैंट विभाग के प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं के समर्पित प्रयासों से संभव हो पाया। टेकस्पार्क-26 एक प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक आयोजन सिद्ध हुआ, जिसने विद्यार्थियों को नवाचार, सहयोग और प्रतिस्पर्धा का उत्कृष्ट मंच प्रदान किया। महाविद्यालय प्रशासन ने इस सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी ऐसे नवाचारपूर्ण कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता दोहराई।